भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
28.07.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1076 का उत्तर

बुलेट ट्रेन परियोजनाएं

1076. श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में बुलेट ट्रेन से संबंधित चल रही परियोजनाओं और नियोजित परियोजनाओं की स्थिति क्या है;
(ख) इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलंब के क्या कारण हैं;
(ग) क्या रेलवे ने देश के विभिन्न रेल जोनों/मार्गों पर अधिक संख्या में बुलेट ट्रेनों (फास्ट ट्रेनों) के परिचालन के किसी प्रस्ताव पर विचार किया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): देश में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल (एमएएचएसआर) परियोजना ही एकमात्र स्वीकृत हाई स्पीड रेल परियोजना है। एमएएचएसआर परियोजना की मौजूदा स्थिति निम्नानुसार है:

- लगभग 1389.5 हेक्टेयर की कुल भूमि आवश्यकता में से लगभग 1381.9 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया गया है।
- 1651 जनोपयोगी सेवाओं में से 1612 को शिफ्ट कर दिया गया हैं।
- परियोजना के सभी सिविल ठेके प्रदान कर दिए गए हैं।
- पूरी परियोजना को 28 संविदा पैकेज में विभाजित किया गया है। वर्तमान में, 23 पैकेज प्रदान कर दिए गए हैं।
- कुल 69.8 किमी. गर्डर (अधिसंरचना) लॉंच किए गए है, 95.4 किमी. गर्डर की कास्टिंग की गई है, 248.64 किमी. नींव संबंधी और 206.96 किमी पाओं का कार्य पूरा किया गया है।

(ख): विशेष तौर पर महाराष्ट्र राज्य में भूमि अधिग्रहण में देरी और संविदा को अंतिम रूप देने में परिणामी देरी से परियोजना का कार्यान्वयन प्रभावित हुआ है।

(ग) और (घ): रेल मंत्रालय ने निम्नलिखित सात हाई स्पीड रेल (एचएसआर) गलियारों के लिए सर्वेक्षण/विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य नेशनल हाई स्पीड कारपोरेशन लिमिटेड को सौंपा है:

(i) दिल्ली-वाराणसी
(ii) दिल्ली-अहमदाबाद
(iii) मुंबई-नागपुर
(iv) मुंबई-हैदराबाद
(v) चेन्नई-मैसूर
(vi) दिल्ली-अमृतसर
(vii) वाराणसी-हावड़ा

******

s.k